**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## बेसिक कंप्यूटर स्किल्स' के सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

पंतनगर। 27 अप्रैल 2023। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के गृह विज्ञान प्रसार विभाग द्वारा 'बेसिक कंप्यूटर स्किल्स' विषय पर सात–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा. दीपा विनय, कुलसचिव एवं विशिष्ट अतिथि डा. अल्का गोयल, अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस सात–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को कंप्यूटर संबंधी मूल जानकारी दी जाएगी। साथ ही बच्चों को माइक्रोसॉफ्ट वर्ड एवं पावर प्वाइंट जैसे मुख्य प्रोग्राम पर काम करना भी सिखाया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंतनगर के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा छः से दस तक के 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया है।

उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि डा. दीपा विनय ने कहा कि वर्तमान में हर क्षेत्र के लिए प्रैक्टिकल नॉलेज का होना बेहद आवश्यक है और इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से बच्चे अवश्य ही कंप्यूटर की बारीकियां सीख पाएंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. अल्का गोयल ने भी कंप्यूटर को वर्तमान पीढ़ी के लिए आय वृद्धि का एक बेहतर स्रोत बताया और साथ ही यह भी कहा की आज के दौर में बच्चों को कंप्यूटर चलाना आना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन गृह विज्ञान प्रसार विभाग की प्रभारी डा. अनुपमा पांडे एवं सहायक प्राध्यापक डा. पूजा टम्टा द्वारा किया गया।



*प्रशिक्षण कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि।*